nandgaon times aug-28-3.qxd 8/27/2025 11:56 PM Page 1

छत्तीसगढ़ वैष्णव महासभा के प्रांतीय... पृष्ठ 2 | ग्राम लिटिया में ग्रामीणों के सहयोग... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स

गुरूवार, 28 अगस्त 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 306, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए





।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559


## छत्तीसगढ़ औद्योगिक नीति 2024- 30 के अंतर्गत आईसीसीके के साथ होगा ज्ञान व निवेश सहयोग

### सियोल में मुख्यमंत्री साय और एटीसीए प्रतिनिधिमंडल की महत्वपूर्ण भेंट



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने अपने दक्षिण कोरिया प्रवास के दौरान सियोल में एडवांस्ड टेक्नोलॉजी सेंटर एसोसिएशन के चेयरमैन श्री ली जे जेंग एवं वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की। एटीसीए एक सशक्त औद्योगिक नेटवर्क है, जिसमें आईटी, इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर, फार्मा और टेक्सटाइल क्षेत्र की 60 से अधिक प्रमुख कंपनियाँ शामिल हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने ञ्चष्ट्र प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार निवेशकों के लिए एक अनुकूल वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने श्री ली जे जेंग और उनके साथ आए वरिष्ठ अधिकारियों को आमंत्रित किया कि वे अपने आगामी भारत दौरे के दौरान छत्तीसगढ़ अवश्य आएँ और राज्य में उपलब्ध निवेश व सहयोग की संभावनाओं का प्रत्यक्ष अवलोकन करें।एटीसीए ने छत्तीसगढ़ की कंपनियों के साथ बी2बी साझेदारी में रुचि दिखाई है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में आईआईटी, आईआईएम, एनआईटी और एम्स जैसे राष्ट्रीय संस्थान मौजूद हैं, जो विश्वस्तरीय प्रतिभा उपलब्ध कराते हैं। राज्य का च्प्लग एंड प्लेज् इंफ्रास्ट्रक्चर और सशक्त लॉजिस्टिक्स नेटवर्क छत्तीसगढ़ को एटीसीए के अनुसंधान एवं विकास केंद्रों और भारत में उनके विस्तार का स्वाभाविक हब बनाता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ तेजी से विकसित हो रहा है और यहाँ उद्योग-अनुकूल नीतियाँ,



प्रचुर प्राकृतिक संसाधन, कुशल मानव संसाधन तथा मज़बूत बुनियादी ढाँचा उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि आईटी, इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर, फार्मा और टेक्सटाइल जैसे उभरते क्षेत्रों में ञ्चष्ट्र कंपनियाँ यहाँ आकर निवेश करें और साझेदारी के नए आयाम स्थापित करें। इससे प्रदेश के युवाओं को बड़े पैमाने पर रोज़गार मिलेगा और स्थानीय उद्योगों को भी नई ताक़त मिलेगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने दक्षिण कोरिया प्रवास के दौरान सियोल में आयोजित छत्तीसगढ़ इन्वेस्टर कनेक्ट कार्यक्रम में भाग लिया, जिसका आयोजन इंडियन चेम्बर ऑफ कॉमर्स इन कोरिया (ढ्ढष्टष्ट्य) के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ दक्षिण कोरियाई कंपनियों के लिए असीम संभावनाओं की धरती है। उन्होंने उल्लेख किया कि दक्षिण कोरिया भारत के शीर्ष तीन इस्पात



निर्यात गंतव्यों में शामिल है और छत्तीसगढ़, देश का अग्रणी इस्पात उत्पादक राज्य होने के नाते, इस सहयोग को और गहरा करने तथा निवेश के नए अवसर प्रदान करने के लिए तैयार है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ खनिज संसाधनों से समृद्ध है, जो ऑटोमोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योगों के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण हैं। राज्य में प्रचुर मात्रा में लिथियम उपलब्ध है, जो ईवी (इलेक्ट्रिक व्हीकल) क्रांति और नई पीढ़ी के उद्योगों को गति देने में सहायक होगा।

## सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ 4 माओवादी ढेर

**बस्तर.** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली और छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले की सीमा के पास बुधवार को



नक्सलियों और सुरक्षाबलों के बीच 8 घंटे तक मुठभेड़ चली. जवानों ने 3 महिला और 1 पुरुष नक्सली को ढेर कर बड़ी सफलता हासिल की है. मौके से एसएलआर, इंसास समेत चार हथियार भी बरामद किए गए हैं. जानकारी के मुताबिक, जवानों को गट्टा दलम, कंपनी नंबर 10 और गढ़चिरौली डिवीजन के अन्य माओवादी कोपरशी वन क्षेत्र (गढ़चिरौली-नारायणपुर बॉर्डर) में छिपे होने की गोपनीय सूत्रों से सूचना मिली थी. इसके बाद तलाशी अभियान के लिए गढ़चिरौली पुलिस की C-60 यूनिट और CRPF की QAT टीम रवाना की गई. खराब मौसम के बीच जवानों की टीम उस क्षेत्र में पहुंचकर तलाश अभियान चला रही थी, इसी दौरान नक्सलियों की ओर से गोलीबारी शुरू हो गई. दोनों तरफ से 8 घंटे तक गोलीबारी होती रही. इस मुठभेड़ में जवानों ने 3 महिला और 1 पुरुष को मार गिराया.

## देश पहले, व्यापार बाद में, ट्रंप टैरिफ के बाद भी नहीं झुका भारत, मोदी सरकार ने दिया संदेश



**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच व्यापार को लेकर तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। अमेरिका ने आज से भारत पर 25त्न एक्स्ट्रा टैरिफ लगाया दिया है। इसके पीछे की वजह अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत द्वारा रूस से तेल खरीदने को बताया है। हालांकि, भारतीय तेल रिफाइनरी कंपनियों का कहना है कि रूस से कच्चा तेल खरीदना बंद नहीं होगा। उनका मानना है कि सरकार अमेरिकी दबाव के आगे झुकेगी नहीं। अधिकारियों का साफ संदेश है कि 'देश पहले-व्यापार बाद में'। तेल कंपनियों के अधिकारियों ने बताया कि सरकार की तरफ से रूस से तेल खरीद बंद करने का कोई आदेश नहीं मिला है। सितंबर महीने में ऑर्डर थोड़े कम जरूर हुए हैं, लेकिन इसका कारण अमेरिकी टैरिफ नहीं बल्कि रूस की तरफ से कम डिस्काउंट मिलना है। पिछले साल रूसी कच्चा तेल 2.5 डॉलर से लेकर 3 डॉलर प्रति बैरल तक सस्ता मिल रहा था, लेकिन अब यब छूट घटकर सिर्फ 1.5 डॉलर से लेकर 1.7 डॉलर प्रति बैरल रह गई है। अक्टूबर से ऑर्डर फिर बढ़ सकते हैं, क्योंकि रूस फिर से छूट बढ़ाने की तैयारी कर रहा है। एक उद्योग अधिकारी ने कहा, सरकार का संदेश साफ है कि हम झुकेंगे नहीं। अगर अभी तेल आयात रोक दिया तो अमेरिका और शर्तें थोपेगा। तेल उद्योग से जुड़े जानकार मानते हैं कि अगर भारत चाहे तो दूसरे देशों से भी आसानी से कच्चा तेल खरीद सकता है। लेकिन ऐसा करना अमेरिका के दबाव में झुकना माना जाएगा। इसलिए सरकार इस विकल्प से फिलहाल बचना चाहती है। उन्होंने कहा कि अगर भारत तुरंत रूसी तेल खरीदना बंद कर देता है तो वैश्विक तेल बाजार पर बहुत बड़ा असर नहीं पड़ेगा।

## गांव गांव में पूर्ण शराबबंदी होने से माहौल शांतिपूर्ण टेड़ेसरा के मुक्तिधाम बना शराबियों का अड्डा



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नए युवाओं को नशे की लत से बचने और गांव में शराब, गांजा की अवैध बिक्री रोकने राजनंदगांव जिले के विभिन्न ग्रामों में जुर्माना लगाया जा रहा है. जिसमें मुख्य रूप से ग्राम मोखला, भर्रेगांव, आरला, सुरगी, खुटेरी,धामनसरा, जंगलेशर,माथलडबरी, मोहड़ सहित जिले के विभिन्न ग्रामों में पूर्ण शराबबंदी की गई है मोखला में शराब की अवैध बिक्री करने वाले पर 50000 का जुर्माना लगाया गया है और शराब खरीदने वालों से 30,000 का दंड लगेगा इसी तरह सभी ग्रामो में किया गया है। यह निर्णय लेने से गांव में शांतिपूर्ण माहौल है जिसके बाद गांव में इसे लेकर पोस्टर भी चस्पा किया गया है गांव में मुनादी भी कराई गई है ताकि किसी भी हिस्से में शराब, गांजा और नशीली चीजों की बिक्री ना हो इसके बाद गांव में नशे का अवैध कारोबार लगभग थम सा गया है। क्षेत्र के ग्रामों का पहला दूसरे गांव के लिए भी अनुकरणीय है। दूसरे तरफ राजनांदगांव जिले की बड़े पंचायत में इसका अनुसरण नहीं किया गया है वहां शराबियों की महफ़िल सज रही है यह कहना है ग्राम टेडेसरा के ग्रामीणों ने बताया कि शराब भट्टी के सामने जहां बच्चे क्रिकेट एवं अन्य खेल खेलते हैं वहां पर शराबियों का जमावड़ा रहता है और ग्राम पंचायत के मुक्ति धाम में तीन बोरिंग होने के कारण शराबियों की महफिल प्रतिदिन जमती है पानी पाउच डिस्पोजल और शराब की बोतल को तोड़ दी जा रही है इस पर कोई कार्रवाई ना ग्राम पंचायत कर रही है ना ही इस पर ध्यान दिया जा रहा है ग्रामीणों ने मांग रखी है।

## गूगल मैप ने पहुंचाया बंद पुलिया पर, वैन नदी में गिरी, 3 की मौत, 1 लापता

**चित्तौड़गढ़।** राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है, जहाँ गूगल मैप के भरोसे एक परिवार की वैन बंद पुलिया पर पहुँच गई और बनास नदी में गिर गई। इस हादसे में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई, जबकि एक महिला अभी भी लापता है। यह घटना राशमी थाना क्षेत्र के सोमी-उपेरड़ा पुलिया पर देर रात करीब 1 बजे हुई। चित्तौड़गढ़ के कानाखेड़ा गाँव का एक परिवार भीलवाड़ा में सवाई भोज मंदिर से दर्शन कर लौट रहा था। रास्ते में वे भटक गए और गूगल मैप की लोकेशन ने उन्हें तीन साल से बंद इस पुलिया पर पहुँचा दिया। पुलिस के अनुसार, मातृकुंडिया डैम के गेट खोले जाने के कारण नदी उफान पर थी और पानी पुलिया के ऊपर से बह रहा था। ड्राइवर ने पानी के बीच से निकलने की कोशिश की, लेकिन वैन फँस गई और कुछ ही मिनटों में नदी के तेज बहाव में बहकर नीचे गिर गई।

## भविष्य के युद्ध तकनीक और कूटनीति का मिश्रण होंगे : राजनाथ सिंह



**इंदौर।** मध्य प्रदेश के इंदौर जिले के महू में स्थित आर्मी वार कॉलेज में युद्ध, युद्धकला और युद्ध संचालन पर दो दिवसीय विशेष रण संवाद-2025 त्रि-सेवा सेमिनार कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। बुधवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने युद्ध के बदलते पैटर्न पर बात की और बताया कि भविष्य के युद्ध तकनीक और कूटनीति का मिश्रण होंगे।

आर्मी वॉर कॉलेज, महू में आयोजित रण संवाद त्रि-सेवा सेमिनार कार्यक्रम में तीनों सेनाओं के शीर्ष नेतृत्व के साथ-साथ प्रसिद्ध रक्षा विशेषज्ञ, रक्षा उद्योग के प्रमुख और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा पेशेवर शामिल हैं। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भविष्य के युद्ध केवल हथियारों की लड़ाई नहीं होंगे, बल्कि तकनीक, खुफिया जानकारी, अर्थव्यवस्था और कूटनीति का मिला-जुला रूप होंगे। उन्होंने बताया, आज का युग जटिल और बहु-क्षेत्रीय युद्धों से परिभाषित है, जहां युद्ध की कोई निश्चित व्यवस्था या कठोर सिद्धांत नहीं है। यह अपनी तरह का पहला सेमिनार है, जिसमें युद्ध और युद्ध कौशल पर तकनीक के प्रभाव पर चर्चा हो रही है। राजनाथ सिंह ने कहा, भारत कभी युद्ध की शुरुआत करने वाला देश नहीं रहा और न ही उसने किसी के खिलाफ आक्रामकता दिखाई है। हालांकि, वर्तमान भू-राजनीतिक परिस्थितियों में अगर कोई भारत को चुनौती देता है, तो देश को सख्त जवाब देना जरूरी हो जाता है। हमारी मंशा शांतिपूर्ण है, लेकिन हमारी ताकत कमजोर नहीं। रक्षा मंत्री ने तकनीकी प्रगति और रणनीतिक कूटनीति के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने सशस्त्र बलों से आधुनिक तकनीकों को अपनाने और वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहने की बात कही।

## गोवा में फिडे विश्व कप 2025, पीएम मोदी बोले- भारत को मेजबानी पर बेहद खुशी है



**नई दिल्ली।** गोवा 30 अक्टूबर से 27 नवंबर के बीच फिडे विश्व कप की मेजबानी करेगा। शतरंज की वैश्विक नियामक संस्था ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। पीएम नरेंद्र मोदी ने खुशी जाहिर करते हुए उम्मीद जताई है कि इस टूर्नामेंट में रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे। पीएम मोदी ने एक्स पोस्ट में लिखा, भारत को प्रतिष्ठित फिडे वर्ल्ड कप 2025 की मेजबानी करने पर बेहद खुशी है, और वह भी दो दशकों से ज्यादा समय के बाद। शतरंज हमारे युवाओं के बीच लोकप्रियता हासिल कर रहा है। मुझे यकीन है कि इस टूर्नामेंट में रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे और दुनियाभर के शीर्ष खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। शुरुआत में नई दिल्ली को मेजबान स्थल माना जा रहा था, लेकिन लॉजिस्टिक संबंधी चिंताओं के कारण फैसला बदला गया और आखिरकार फिडे ने गोवा को आयोजन स्थल के रूप में चुना। कुल 206 प्रतिभागी गोवा में आठ राउंड के नॉकआउट मुकाबलों में भिड़ते हुए दो मिलियन अमेरिकी डॉलर की प्राइज मनी जीतने की कोशिश करेंगे।

## लाखोली के मां अंबे धाम सिद्धिविनायक मंदिर में गूंजे गणपति बप्पा मोरया के जयकारे

### जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने की पूजा-अर्चना



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** लखोली वार्ड क्रमांक 31 के जनता कॉलोनी स्थित मां अंबे धाम सिद्धिविनायक गणेश मंदिर में बुधवार 27 अप्रैल को गणेश चतुर्थी पर्व का भव्य शुभारंभ हुआ। पूरे वातावरण में गणपति बप्पा मोरया के जयकारे गूंज उठे और श्रद्धालुओं ने बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ भगवान गणेश का स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत रहे। उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर भगवान गणेश से सुख-शांति, समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना की। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए श्री राजपूत ने कहा कि गणेश चतुर्थी भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा का जीवंत प्रतीक है। प्रथम पूज्य गणेश जी का यह 11 दिवसीय उत्सव हमारी आस्था को प्रगाढ़ करने के साथ जीवन में सात्विकता और सकारात्मकता का संचार करता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर निगम पार्षद एवं राजस्व विभाग चेयरमैन राजा मखीजा ने की। उन्होंने समिति को बधाई देते हुए कहा कि भगवान गणेश की कृपा से समाज में सुख-शांति और समृद्धि का संचार होता है। समिति लगातार समाज सेवा और धार्मिक आयोजनों के जरिए एक मिसाल कायम कर रही है। समिति के संरक्षक एवं पूर्व पार्षद गप्पू सोनकर ने बताया कि गणेशोत्सव के पहले ही दिन से मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन प्रारंभ हो गया है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रसादी ग्रहण कर रहे हैं और वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। इस अवसर पर मुख्य रूप से पार्षद डीलेश्वर साहू, पूर्व पार्षद विजय राय, महेश अग्रवाल, संजय सरोदे, गप्पू सोनकर, सुरेश साहू, मोहन सिंह राजपूत, नवीन जैन, राजेंद्र श्रीरंगे, आशीष डोंगरे, आलोक श्रीवास्तव, टी.आर. ठाकुर, शंकर यादव, सोनू सोनकर, तनु श्रीरंगे, बृजेश महाराज, उभय लाल सोनकर, मन्नू शुक्ला, संतोष देवांगन, किशोरी पारख, राजेंद्र लड्ढा, दिनेश खंडेलवाल, गोमा कोठारिया, गौरव सोनकर समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु और वार्डवासी उपस्थित रहे।

## नगर की अंकिता वर्मा बनी ड्यू बॉल साउथ एशियन चैंपियन




**राजनांदगाँव (नांदगांव टाइम्स)।** नगर की ड्यू बॉल खिलाडी अंकिता वर्मा ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए सॉउथ एशियन चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया है। ड्यू बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा अलगप्पा यूनिवर्सिटी कराई कौड़ी तमिलनाडु में आयोजित साउथ एशियन ड्यू बॉल चैंपियनशिप 2025 के फाइनल में भारत ने श्रीलंका को हराकर उक्त उपलब्धि प्राप्त की। इस प्रतियोगिता में भारत के अलावा मालद्वीव,श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और नेपाल की टीमों ने भाग लिया था। उल्लेखनीय है कि उक्त प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ से एकमात्र खिलाड़ी राजनांदगांव की अंकिता वर्मा का चयन भारतीय टीम में हुआ था, जिसका कैंप 11 अगस्त से 16 अगस्त तक तमिलनाडु में आयोजित हुआ इसके पश्चात् 17 अगस्त से 19 अगस्त तक उक्त चैंपियनशिप आयोजित हुई। भारतीय टीम ने अन्य सभी प्रतिद्वंदी देशों को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम कर चैंपियन बनी। अंकिता ने टीम के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए शानदार प्रदर्शन किया। अंकिता के कोच जयेश मुदलियार ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि वे सभी खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने का निरंतर प्रयास करते रहते है तथा अंकिता की यह उपलब्धि उनके लिए बहुत ही खुशी ओर गर्व की बात है। उन्होंने आगे बताया कि अंकिता के पिता मंजीत वर्मा और माता सुनीता वर्मा हमेशा ही अपनी बेटी को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते रहते हैं जिसकी बदौलत आज उनकी बेटी ने देश एवं अपने शहर का नाम रोशन किया है। जीत हासिल कर अपने शहर लौटी अंकिता का स्वागत बड़े ही धूम धाम से फटाकों बैंड बाजा के साथ किया गया। अंकित के शानदार उपलब्धि पर



छत्तीसगढ़ ड्यू बॉल संघ के सचिव श्रीकांत दास गुप्ता, पूनाराम यादव , रीतेश देवांगन , अखिलेश मिश्रा ,विमल शर्मा ,आदर्श गुप्ता , श्रद्धा गुप्ता ,तरुण भास्कर गुप्ता, वरुण भास्कर गुप्ता ,श्रेयांश राव , शैल साहू, कल्पेश चौहान, लक्ष्मी चौहान, सुभाष रामटेके, नवरत्न बावने, हिमांशु साहू, चंदन साहू ,भारती यादव, वर्षा केहरी,धनश्री अवथनकर,तनुश्री केहरी ,अंकुर सिंह ,मनप्रीत वर्मा ,सुरेखा वर्मा ,सरिता वर्मा ,अर्चना वर्मा,चंचल वर्मा, लतिका यादव ,मोहनीश वर्मा,सोनल मरकाम ,सुषमा साहू ,भूमि कोचर सभी ने बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है।

## युगांतर के उज्ज्वल प्रोबेबल टीम स्कील और फिटनेस कैंप में

**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** शिक्षा, खेल और संस्कृति के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल के छात्र उज्ज्वल कुमार मरकाम



कक्षा दसवीं ने अंडर- 16 आयु वर्ग के जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतिस्पर्धा में शानदार प्रदर्शन किया है। वे इस आधार पर छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ रायपुर द्वारा आयोजित प्रोबेबल टीम स्कील और फिटनेस कैंप में चयनित होकर भाग ले रहे हैं। यह कैंप 18 अगस्त से 8 सितंबर तक आयोजित है। कैंप में शानदार प्रदर्शन के आधार पर छात्र के छत्तीसगढ़ की अन्डर-16 आयु वर्ग की टीम में चयनित होने की संभावना है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर, पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह तथा प्रबंध समिति ने छात्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है।

## थाना कुण्डा पुलिस का अवैध शराब कारोबार पर एक और करारा वार

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** जिले में अपराध, अवैध शराब, जुआ और सट्टे जैसे कारोबार पर पूरी तरह से लगाम कसने के लिए पुलिस




अधीक्षक कबीरधाम ने सभी थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि किसी भी कीमत पर अवैध कारोबार को पनपने न दिया जाए। इन निर्देशों पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं अनुविभागीय पुलिस अधिकारी पंडरिया के मार्गदर्शन में थाना कुण्डा प्रभारी महेश प्रधान ने टीम के साथ अभियान चलाया।

## अयोध्या के भव्य मंदिर में रामलला दर्शन कर पिपरिया के गेंदलाल केशरी के जीवन का बना अविस्मरणीय क्षण

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ की धरती पर भगवान श्रीराम के प्रति गहरी आस्था और श्रद्धा हमेशा से रही है। अयोध्या धाम



में प्रभु श्रीरामलला के भव्य मंदिर के दर्शन करना यहाँ के श्रद्धालुओं का वर्षों पुराना सपना रहा है। मुख्यमंत्री की दूरदर्शिता और संकल्प से शुरू हुई प्रभु श्री रामलला दर्शन योजना ने इस सपने को हकीकत में बदल दिया है। नि:शुल्क यात्रा, सुविधाजनक व्यवस्थाओं और अद्भुत आध्यात्मिक अनुभवों के साथ यह योजना प्रदेशवासियों के जीवन में भक्ति और विश्वास का नया अध्याय लिख रही है। इस योजना से छत्तीसगढ़ के हजारों नागरिकों को प्रभु श्रीरामलला के जन्मस्थान के दर्शन करने का लाभ मिल चुका है। इसके तहत कबीरधाम जिले के ग्राम पिपरिया निवासी गेंदालाल केशरी को अयोध्या जाकर रामलला के दर्शन करने का अवसर मिला, जो उनके जीवन का अविस्मरणीय क्षण बन गया।

## आदिवासी गोड़ महासभा राजनांदगांव के पदाधिकारियों का एक आवश्यक बैठक आहूत

**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** विगत दिनों जिला आदिवासी गोड़ महासभा राजनांदगांव के पदाधिकारियों का एक आवश्यक बैठक



आहूत रामकृष्ण नगर गोंडवाना भवन राजनांदगांव में रखी गई । जिसमें गत दिवस आदिवासियों के महानायक शहीद वीर नारायनसिंह की प्रतिमा दुर्ग बस स्टैंड के पास स्थापित है । गत दिवस किसी अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा प्रतिमा चबुतरे लोकार्पण लिखा लेख में अंकित शहीद वीर नारायणसिंह के नाम को काला पेंट से पोत दिया गया है । उस बात से बैठक में उपस्थित समाज के लोगों ने काफी आक्रोश जाहीर करते हुए कहा है कि मामले का एफआई.आर. पांच छ: दिन हो गए है लेकिन अज्ञात असामाजिक अपराधी - पकड़ से बाहर है । यह असाधारण घटना नहीं है समाजिक समरता को बिगाडने का यह घृणित कार्य किया है साथ ही ये घटना भविष्य में किसी गंम्भीर संकट की ओर इशारा कर रही है । साथ ही मूल निवासिओं को उकसाने का साजिश है । इस संबंध में समाज, शासन प्रशासन से अनुरोध करती है कि अज्ञात दोषी व्यक्ति को शीघ्रता-शीघ्र गिरफ़्तार कर कठोर कार्यवाही करें । बैठक के अध्यक्षता जिलाध्यक्ष नीलकंठ गढ़े (मंडावी) जिला आदिवासी गोंड महासभा ने किया बैठक में प्रमखु रूप से रामानंद उइके जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र ठाकुर, श्याम साय मंडावी, जिला उपाध्यक्ष, कन्हैया टेकाम, तहसील अध्यक्ष राजनांदगाँव संत कुमार तुमरेकी तहसील अध्यक्ष घुमका जितेन्द्र पड़ौटी, कृपाल उइके, जिला कोषाध्यक्ष, मुड़ादार में डुमन, तुमरेकी, केवल स्वेरी, बिसौवा ठाकुर, किरित नेताम, विष्णु सोरी, रमेश मंडावी, जिला महासचिव समाज के लोगों से बड़ीतदाद में उपस्थित रहें ।

**शुभांक**

**3-6-9**

**336-2 569-0**

**भाग्यांक**

**489-1 499-2**

# छत्तीसगढ़ वैष्णव महासभा के प्रांतीय पदाधिकारियों का बैठक संपन्न

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** चिखली राजनांदगांव स्थित वैष्णव सामाजिक भवन में पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश से आए वैष्णव समाज के पदाधिकारियों, जिला अध्यक्षों एवं मंडलेश्वर तथा सक्रिय कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में सामाजिक बैठक उल्लासपूर्ण संपन्न हुआ। जिसमें वैष्णव सम्प्रदाय के भगवताचार्य एवं पदाधिकारियों द्वारा समाज के उत्थान हेतु अनेक सुझाव दिए गए। समाज के लोगों को अपने धर्म के अनुसार आचरण, व्यवहार बनाए रखने तथा समाज के उत्थान की दिशा में कार्य करने के लिए निर्देशित किए गए। राजगामी संपदा न्यास राजनांदगांव जो कि वैष्णव राजाओं की संपत्ति है। जिसमें आज तक किसी वैष्णव बंधुओं को अध्यक्ष का पद नहीं दिया गया। जबकि दूसरे अन्य आयोगों वगैरह में उसी समाज से संबंधित व्यक्तियों को पदाधिकारी बनाया जाता है। इसके लिए प्रशासन को आवेदन पत्र प्रेषित कर समाज के लोगों को ही उपरोक्त पद पर मनोनयन करने के लिए समाज को एकजूट होकर अपनी आवाज शासन के शीर्ष नेताओं तक पहुंचाई जाए। समाज के अनेक व्यक्ति सभी राष्ट्रीय पार्टियों में सक्रिय रूप से कार्य करते आ रहे हैं।



उन्हीं पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ताओं को राजगामी संपदा न्यास में अध्यक्ष एवं दो सदस्य बनाया जावे। उपरोक्त बैठक में प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ प्रदेश वैष्णव महासभा के अध्यक्ष पीडी वैष्णव भिलाई, महासचिव एलडी वैष्णव रायपुर, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव राजनांदगांव, जिला भाजपा के पूर्व महामंत्री रविन्द्र वैष्णव, राजनांदगांव वैष्णव समाज के जिला अध्यक्ष एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा जीडी वैष्णव अधिवक्ता, महामंडलेश्वर मुरलीशरण वैष्णव, उपसचिव अशोक वैष्णव, कोषाध्यक्ष प्रद्युमन दास वैष्णव, केके दास, गुलाब दास, अमीत वैष्णव, उमाकांत वैष्णव सरगुजा, ओमप्रकाश बैरागी, विश्वनाथ बैरागी रायगढ़, दिग्विजय वैष्णव, कमल वैष्णव दुर्ग, भ्रमर बैरागी लैलुंगा, राजेन्द्र वैष्णव घोटवानी साजा, मधु किशोरी वैष्णव, प्रभा वैष्णव, कमला वैष्णव, रमन वैष्णव महासमुंद, मोहन दास वैष्णव कोरिया, ब्रजेश वैष्णव अंबिकापुर, विश्वास वैष्णव, उमाकांत वैष्णव सरगुजा, मोहनदास सूरजपूर, बालेश्वर दास बागबाहरा, लखन दास, ईश्वरदास सारंगगढ़, चेलादास वैष्णव फेकारी पाटन, प्रद्युमान दास वैष्णव, दिलीप वैष्णव, सौरभ वैष्णव, अविनाश वैष्णव, बंटी वैष्णव, कमलेश वैष्णव राजनांदगांव, चेतनदास वैष्णव अंबिकापुर, पिंटु वर्मा सूरजपुर, राजेश्वर वैष्णव दुर्ग आदि अनेकों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बैठक में उपस्थित हुए थे। उक्त जानकारी जीडी वैष्णव राजनांदगांव ने दी।

## जिला कांग्रेस ग्रामीण सेवादल ने मनाई कांग्रेस सेवादल के संस्थापक डॉ नारायण सुब्बाराव हार्डीकर जी की पुण्यतिथि



**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** कांग्रेस सेवादल की स्थापना 28 दिसंबर 1923 को डॉ नारायण सुब्बाराव हार्डीकर के द्वारा किया और आज कांग्रेस सेवादल की स्थापना हुए पूरा 101 साल पूरा हो चुका हैं इसी तारतम्य में 26 अगस्त को डॉ नारायण सुब्बाराव हार्डीकर जी की पुण्यतिथि को पूरा कांग्रेस देश प्रदेश भर में मनाया जाता हैं जिसे लेकर प्रदेश कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष अरुण ताम्रकार के निर्देशानुसार राजनांदगांव जिला अध्यक्ष ग्रामीण जितेन्द्र सिंह भाटिया के अगवाई में आज डोंगरगढ़ में डॉ नारायण सुब्बाराव हार्डीकर जी की पुण्यतिथि मनाई गई । इस अवसर पर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष विजयराज सिंह सहित विभिन्न पदों पर आसीन सभी कांग्रेस सेवादल के सदस्य शामिल हुए और डॉ नारायण सुब्बाराव हार्डीकर जी के जीवनी उनके आदर्शो नियमों को याद किया और इसे अनुकरणीय बताया। पुण्यतिथि के मौके पर प्रमुख रूप से जितेंद्र सिंह भाटिया, संजीव गुप्ता सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष, दुलीचंद बडोले, गणपत रजक, विजय राज चौहान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डोगरगढ़,शिशुपाल भारती, हरीश भंडारी, रिम्मी भाटिया, प्रकाश महानदी, प्रशांत कांडे, युवराज सेन, शत्रुघ्न सिन्हा, संतोष सिन्हा, योगेश सेन, नीरज पटेल, छगन साहू कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल हुए।

## जिले के 7 खिलाड़ी राज्य स्तरीय मल्लखंब प्रतियोगिता के लिए चयनित




**बलौदाबाजार ( नांदगांव टाइम्स )।** जिले के 7 खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय मल्लखंब प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता कोंडागांव, नारायणपुर (छत्तीसगढ़) में 28 अगस्त से 31 अगस्त तक आयोजित की जाएगी। चयनित खिलाड़ी बुधवार को राज्य स्तरीय मुकाबले में हिस्सा लेने रवाना हुए। कलेक्टर दीपक सोनी ने प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ियों को बधाई और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनायें दी है।जिले के लिए यह बड़ी उपलब्धि है और उम्मीद की जा रही है कि खिलाड़ी राज्य स्तर पर अपने प्रदर्शन से जिले और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

जिला मल्लखंब संघ के तत्वाधान में 25वीं संभाग स्तरीय शालेय मल्लखंब प्रतियोगिता का आयोजन 28 जुलाई को मल्लखंब ट्रेनिंग सेंटर, योग भवन में किया गया था जिसमें गरियाबंद, रायपुर और बलौदाबाजार जिले के लगभग 40 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। बलौदाबाजार जिले से 10 खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया जिनमें से 7 खिलाड़ियों का राज्य स्तर के लिए चयन हुआ। चयनित खिलाडियों में दुष्यंत लहरे, लुकेश्वर मारकंडे, अभिषेक कोसरिया,हरि ओम ढिढि, नरेश गेंदरे, अनाया ठाकुर एवं अंजली यादव शामिल हैं। इन सभी खिलाड़ियों को जिले के हेड कोच अकलेश नारंग की अगुवाई में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेने जा रहे हैं।मैनेजर के रूप में बालक शिवकुमार बाघे, राकेश साहू, पुरंदर कोसारीया, प्रीति जलक्षत्रीय, ममता दधीचि, सीमा साहू भी साथ में हैं।

## जपं उपाध्यक्ष शंकर हुए पार्टी से निष्काशित अनुशासन हीनता का चला डंडा

### प्रदेश कार्यालय से आदेश जारी कर किया 6 साल के लिए निष्कासित




**अंबागढ़ चौकी ( नांदगांव टाइम्स )।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष पद के लिए पार्टी से अलग होकर चुनाव लड़े, जिसके कारण प्रदेश कार्यालय से आदेश जारी कर 6 वर्षों के लिए पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाना पड़ा। प्रदेश कार्यालय पवन साय प्रदेश महामंत्री (संगठन) द्वारा 26 अगस्त को निष्काषन आदेश निकाल कर मोहला मानपुर अंबागढ़ के जनपद पंचायत अंबागढ़ चौकी के उपाध्यक्ष शंकर प्रसाद तिवारी को त्रि पंचायत चुनाव में उपाध्यक्ष पद के लिए बागी होकर चुनाव लड़ा था, जिसके चलते भाजपा पार्टी की छवि को धूमिल एवं अनुशासनहीनता भंग करने की चलते निष्काशित आदेश जारी किया गया है। निष्कासित आदेश जारी होने के बाद पार्टी में खलबली मच गई है।

> जनपद पंचायत चुनाव में बागी होकर चुनाव लड़ने की शिकायत की गई थी, प्रदेश कार्यालय में शिकायत लंबित था और अभी लेन देन की शिकायतों को अनुशासन हीनता मानते हुए एवं पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव लड़ा था। जिसके चलते पार्टी ने 6 वर्षों के लिए पार्टी से निष्काशित का आदेश जारी कर दिया।
>
> **दिलीप वर्मा, जिलाध्यक्ष, मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी**

## संस्कारधानी गरबा उत्सव 2025 का भूमि पूजन का आयोजन 28 अगस्त को

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर का भव्य संस्कारधानी गरबा उत्सव 2025 का भूमि पूजन कार्यक्रम 28 अगस्त को लखोली नाका मठपारा रोड स्थित शिवनाथ वाटिका राजनांदगांव में शाम 4:30 बजे से आयोजित होगा। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री सुनील अग्रवाल होंगे एवं विशिष्ट अतिथियों में श्री शरद अग्रवाल, श्री सचिन अग्रहरि, श्री अमित जैन और श्री अनुराग अग्रवाल शामिल रहेंगे।



**आयोजन समिति का हुआ गठन**- गौरतलब हो कि यह संस्कारधानी गरबा उत्सव आयोजन का 9वाँ वर्ष है। इस वर्ष आयोजन समिति का गठन किया गया है जिसमें अध्यक्ष कांत अग्रवाल, सचिव दिव्यांश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अवंत अग्रवाल, उपाध्यक्ष सौरभ कांकरिया, कार्यकारणी सदस्य प्रियेश जैन, राहुल चोपड़ा, शुभम जैन, संकल्प कन्नौजे , कृष्ण लोहिया, नमन पोद्दार, वैभव अग्रवाल, केतन चोरड़िया, विनायक जोशी, अर्पित अग्रवाल शामिल है। उक्त आयोजन के आयोजक संस्कारधानी गरबा उत्सव समिति और सह आयोजक अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन होंगे। आयोजन समिति ने बताया कि गरबा उत्सव में कई नए आकर्षण होंगे, जो इसे और विशेष बनाएंगे।

## खैरागढ़ कॉलेज में एक वृक्ष माँ के नाम’ अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

**खैरागढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** रानी रश्मि देवी सिंह शासकीय महाविद्यालय खैरागढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की नियमित गतिविधि के अंतर्गत ‘एक वृक्ष माँ के नाम’ अभियान के तारतम्य में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन एवं खरपतवार नियंत्रण का कार्य स्वयंसेवकों के द्वारा संपन्न हुआ द्य स्वयंसेवकों ने मिलकर महाविद्यालय परिसर में सर्वप्रथम गत वर्ष लगाए हुए वृक्ष में खरपतवार नियंत्रण और उनका संरक्षण का कार्य हुआ। साथ ही वृक्षारोपण भी महाविद्यालय परिसर में किया गया । महाविद्यालय के गार्डन में रोपे गए पौधे की सुरक्षा हेतु स्थानीय स्तर पर प्रबंध किया गया द्य राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के इस महत्वपूर्ण एवं उपयोगी गतिविधि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ओ. पी. गुप्ता ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी स्वयंसेवकों को




प्रोत्साहित किया द्य महाविद्यालय के वनस्पति शास्त्र की विभागाध्यक्ष सुश्री भबीता मांडवी ने सभी स्वयंसेवकों को अधिक से अधिक वृक्षारोपण के लिए प्रोत्साहित किया । राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी यशपाल जंघेल ने ‘प्रकृति के दुश्मन तीन पाउच पन्नी पॉलिथीन’ नारा का उद्बोधन करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य पर प्रकाश डाला और वृक्षारोपण के महत्व को स्वयंसेवकों अवगत कराया । इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक सृष्टि वर्मा, मोनिका जत्ती, अतिथि व्याख्याता डॉ. उमेंद चंदेल, खेमपाल, अंजली सिंह के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक लीना वर्मा, गौरी यदु, देवेंद्र पटेल, कुलेश्वर मानिकपुरी, जूही वर्मा, प्रीति वर्मा, खोमलाल मंडावी, देवाशीष यदु, निधि साहू, वर्षा वर्मा, रवीना बंजारे सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे ।

## मौसम विभाग ने बस्तर में भारी वर्षा होने की दी चेतावनी

**रायपुर।** मौसम विभाग के वैज्ञानिक डॉ. चंद्रा ने बताया कि बस्तर संभाग में कम दबाव का क्षेत्र निर्मित होने के कारण आज व कल भारी वर्षा होगी। वहीं यह सिस्टम उत्तर की ओर धीरे धीरे बढ़ता जाएगा। जिसके कारण सरगुजा संभाग के पश्चात मध्य क्षेत्र कहे जाने वाले रायपुर बिलासपुर दुर्ग संभाग में भी भारी वर्षा होगी। मौसम विभाग के अनुसार बस्तर संभाग के अंतर्गत आने वाले दंतेवाड़ा के रेलवे ट्रेक को भारी क्षति पहुंची है। वहीं किलेपाल और कंकलूर मार्ग पर पूल टूट गया है। 300 से अधिक गांव टापू बन गये है। मौसम विभाग के अनुसार बस्तर संभाग में 77 एमएम वर्षा रिकार्ड की गई है। दंतेवाड़ा की शंखनी डंगनी बीजापुर में सुकमा मलेझर नदी में बाढ़ से भारी नुकसान हुआ है। राजधानी रायपुर में भी आज सुबह से मौसम साफ रहा लेकिन यहां पर परसों से अच्छी वर्षा होने का अनुमान है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने जापान प्रवास के दौरान छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में हुई अतिवृष्टि से उत्पन्न बाढ़ की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने राजस्व सचिव एवं आपदा राहत आयुक्त श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले और बस्तर संभाग आयुक्त श्री डोमन सिंह से दूरभाष पर चर्चा कर राहत एवं बचाव कार्यों की प्रगति जानी और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## ज्ञान मंथन

*1) विश्व का कौन-सा मंदिर इटली के पोम्पेई को पछाड़कार दुनिया का आठवां अजूबा बन गया है?*
*2) हाल ही में 9वां अमूर फाल्कन महोत्सव किस राज्य में मनाया गया?*
*3) किस वायसराय के शासनकाल में दिल्ली दरबार में महारानी विक्टोरिया को कैसर-ए-हिन्द की उपाधि से सम्मानित किया गया?*
*4) खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 की मेजबानी कौन सा राज्य कर रहा है?*
*5) समाचारों में देखे गए टेनकाना जयमंगली किस प्रजाति से संबंधित है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) कम्बोडिया (2) मणिपुर (3) लॉर्ड लिटन
(4) बिहार (5) मकड़ी

## प्रधानमंत्री सड़क योजना के मरम्मत एवं सुधार के लिए करोड़ों रुपये का टैंडर जारी

**रायपुर।** छग ग्रामीण सड़क विकास एजेंसी द्वारा विभिन्न जिलों में प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत निर्मित सड़कों के मरम्मत एवं सुधार हेतु 8941.71 करोड़ का टेंडर जारी किया गया है। छग ग्रामीण विकास एजेंसी के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों के निर्माण एवं सुधार का कार्य किया जाता है। मुख्य अभियंता कार्यालय सिविल लाइन द्वारा इस आशय का एक टेंडर नोटिस जारी किया गया है। जिसे संबंधित ठेकेदार वेबसाइट में देख सकते हैं। यह एकता संबंधित फर्म को दिया जाएगा जोकि इन शर्तों को पूरा करेगी। छग ग्रामीण सड़क विकास एजेंसी द्वारा बस्तर कांकेर, बिलासपुर, रायपुर रायगढ़, महासमुंद, गरियाबंद, राजनांदगांव, बेमेतरा, कबीरधाम, सरगुजा, जशपुर, बलरामपुर और सूरजपुर में सड़कों का निर्माण एवं जीर्णोद्धार किया जाएगा। निर्धारित शर्तों के अनुसार यह ठेका दिया जाएगा। यह ठेका लेने के लिए कई एजेंसियां सक्रिय हो गई है। छग सड़क ग्रामीण एजेंसी का काम दुरस्त क्षेत्रों में सड़क का निर्माण करना है। राज्य में इस समय प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की हालत बरसात के चलते काफी खराब हो गई है। राज्य में इन सड़कों के लिए मापदंड बनाए गये हैं। इसमें बाहरी वाहनों का चलना मना रहता है लेकिन बड़ी संख्या में वाहन चलते रहते है जिसके चलते यह सड़क खराब हो जाती है। मुख्य अभियंता द्वारा जारी टैंडर के अनुसार यह ठेका कुल 8941.71 करोड़ का होगा। इसमें अलग अलग कार्य करवाए जाएंगे। यह कार्य चिप इंजीनियर क्रेड़ा के माध्यम से करवाया जा रहा है। इलेक्ट्रानिक टेंडर के माध्यम से प्रधानमंत्री सड़क योजना का जीर्णोद्धार किया जाएगा। इन ठेकों को लेने के लिए संबंधित ठेकेदारों को पात्रता के अनुसार टैंडर भरना होगा। इसके लिए सभी ठेकेदारों का पंजीयन होना आवश्यक है। धान उपार्जन केंद्रों में चारदीवारी तथा लाइट कंवर्ड प्लेटफार्म बनाने के लिए मंडी बोर्ड ने भी ई टैंडर जारी कर दिया है। जिसके अनुसार उदयपुर के अंतर्गत आने वाले विभिन्न धान खरीदी केंद्रों में सीसी रोड का निर्माण कार्य किया जाएगा।

## भाजपा के नये पदाधिकारियों-मोर्चा के अध्यक्षों को 31 को दिया जाएगा प्रशिक्षण

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं विभिन्न मोर्चा के पदाधिकारियों को 31 अगस्त को विधिवत प्रशिक्षण दिया जाएगा। भाजपा के कार्यालय मंत्री अशोक बजाज के अनुसार प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव की नई कार्यकारिणी गठित कर दी गई है जिसके अनुसार यहां पर दो महामंत्री यशवंत जैन और अखिलेश सोनी बनाये गये हैं। वहीं भाजयुमो अध्यक्ष राहुल टिकरिहा किसान मोर्चा के आलोक ठाकुर महिला मोर्चे की विभाग अवस्थी तथा अल्पसंख्यक वर्ग के नये अध्यक्ष बनाए गये है। इन अध्यक्षों ने विधिवत पदभार ग्रहण कर लिया है। इसके पश्चात नये संगठन की बारीकियों एवं अन्य दिशा निर्देश दिये जाएंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव की नये टीम ने अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। राज्य में भाजपा के सभी जिलों एवं जाति समीकरण के आधार पर कार्यकारिणी बनाई गई है जिसके चलते समाज के सभी वर्गों को जोड़ने की कवायद की गई है। इससे पार्टी को चुनाव में लाभ मिलने की आशंका है। इधर केबिनेट विस्तार में भी अंबिकापुर दुर्ग तथा रायपुर जिले को महत्व दिया गया है। नये चेहरों को भी प्रवेश दिया गया है। जिसके कारण अब विष्णुदेव सरकार भी मजबूत होते नजर आ रही है।

# आस्था, पूजा और भक्ति से भरे 10 दिन



भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी से होती है और समापन अनंत चतुर्दशी पर होता है। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि गणेश चतुर्थी 10 दिनों तक क्यों मनाई जाती है? अगर नहीं, तो आपको मेरा ये लेख जरूर पढ़ना चाहिए। मैं आपको इसके पीछे की कहानी बताने जा रहा हूँ। आइए जानते हैं -

भारत को त्योहारों का देश कहा जाता है। यहां हर उत्सव अपने साथ भक्ति, खुशी, उत्साह, उमंग, भाई चारा, सौहार्द और नई ऊर्जा लेकर आता है। इन्हीं पर्व में से एक पर्व है गणेश चतुर्थी, जिसे पूरे देश में धूमधाम और हर्ष व उल्लास के साथ मनाया जाता है। गणेश चतुर्थी को विनायक चतुर्थी के नाम से भी जाना जाता है। ये पर्व महत्वपूर्ण हिंदू त्योहारों में से एक है। और इसे खासकर महाराष्ट्र में बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। यह त्योहार भगवान गणेश के जन्म का प्रतीक है, जिन्हें बुद्धि, समृद्धि और शुभ भाग्य का देवता माना जाता है।

आपको बता दें कि ये उत्सव 10 दिनों तक चलता है, जिसकी शुरुआत

**उत्सव के पीछे की कथा :**

हिंदू मान्यताओं के अनुसार, माता पार्वती ने चंदन के लेप से गणेश जी की रचना की थी। उन्होंने गणेश जी को जीवन दिया। एक दिन नहाते समय माता ने पुत्र गणेश से दरवाजे पर पहरा देने के लिए कहा। जब भगवान शिव लौटे और प्रवेश करना चाहा तो गणेश जी ने उन्हें अंदर जाने से रोक दिया क्योंकि वे भगवान शिव को पहचानते नहीं थे। इससे नाराज होकर भगवान शिव ने गणेश जी का सिर काट दिया। बाद में शिव जी ने उन्हें पुनर्जीवित करने का वचन दिया और उनके शरीर पर हाथी का सिर लगाया। तभी से गणेश को विघ्नहर्ता और नए आरंभ का देवता माना जाने लगा।

**10 दिनों तक लगातार लिखते रहे थे महाभारत :**

गणेश उत्सव 10 दिनों तक मनाने के पीछे कई कथाएं हैं। ऐसा कहा जाता है कि वेद-व्यास जी ने गणेश भगवान से महाभारत ग्रंथ लिखने की प्रार्थना की। उस दौरान भगवान गणेश ने 10 दिनों तक बिना रुके महाभारत लिख डाली। इससे गणेश जी का तापमान बढ़ गया। तब वेद-व्यास जी ने 10वें दिन उन्हें नदी में स्नान करवाया। यही कारण है कि 10 दिनों तक ये उत्सव मनाया जाता है।

**पाठकगण ये पहलू भी समझें :**

गणेश चतुर्थी का 10 दिनों का उत्सव गहरी आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व रखता है। इसके पीछे कुछ कारण माने जाते हैं -

**दिव्यता का प्रतीक :**

इन 10 दिनों को धरती पर भगवान गणेश की उपस्थिति का प्रतीक माना जाता है। भक्त मानते हैं कि इस समय गणेश जी उनके घर आते हैं, आशीर्वाद देते हैं और सभी बाधाएं दूर करते हैं।

**आध्यात्मिक विकास :**

यें 10 दिन आत्मिक शुद्धि और साधना का अवसर माने जाते हैं। लोग पूजा, भक्ति और प्रार्थना से गुस्सा, लालच, जलन जैसी बुरी आदतों से छुटकारा और शांति पाने की कोशिश करते हैं।

**भक्ति और अनुष्ठान :**

इन दिनों लोग रोजाना पूजा और आरती करते हैं। साथ ही भगवान गणेश जी को प्रसाद जैसे मोदक और लड्डू अर्पित करते हैं। घरों और पंडालों में गणेश जी की मूर्ति स्थापित की जाती है और पूरा वातावरण भक्ति से भर जाता है।

**विसर्जन का महत्व:**

दसवें दिन यानी अनंत चतुर्दशी को गणेश जी की प्रतिमा का जल में विसर्जन किया जाता है। ये जन्म और मृत्यु के चक्र का प्रतीक होता है। ये हमें याद दिलाता है कि हर किसी को एक दिन प्रकृति में ही समा जाना है।

**एकता और साथ :**

आपको बता दें कि ये उत्सव लोगों को एक साथ लाने का काम करता है। 10 दिनों तक हर कोई. मिलकर पूजा-पाठ, उत्सव और भक्ति में भाग लेता है।

**गणेश जी से मिलने वाली सीख :**

गणपति बप्पा का रूप और उनका व्यक्तित्व हमें जीवन की कई अहम बातें सिखाता है। आपको भी इन्हें अपने जीवन में उतारने की कोशिश करनी चाहिए।

**ज्ञान का महत्व :**

गणेश जी का बड़ा सिर बुद्धि और ज्ञान का प्रतीक है, जो हमें हमेशा सीखते रहने की प्रेरणा देता है।

**धैर्य और संयम :**

उनके बड़े कान हमें अच्छा श्रोता बनने और धैर्य रखने की सीख देते हैं।

**विनम्रता :**शक्तिशाली होने के बावजूद गणेश जी विनम्र माने जाते हैं। उनकी आंखें हमें लक्ष्य पर केंद्रित रहने और नम्र बने रहने का संदेश देती हैं।

**परिवार का सम्मान :** माता-पिता के प्रति उनका प्रेम हमें परिवार और बड़ों का सम्मान करने की सीख देता है।

**बाधाओं को पार करना :**

विघ्नहर्ता के रूप में वे सिखाते हैं कि धैर्य, बुद्धि और सही सोच से हर मुश्किल का हल निकाला जा सकता है।

**जीवन में संतुलन :**

उनका आधा मानव और आधा हाथी रूप हमें भौतिक और आध्यात्मिक जीवन में संतुलन बनाए रखने की याद दिलाता है।



**योगेश कबूलपुरिया**
वरिष्ठ पत्रकार,
कवि, लेखक, स्तंभकार एवं
सामाजिक विश्लेषक

## ग्राम लिटिया में ग्रामीणों के सहयोग से घुमंतू पशुओं से सफल की सुरक्षा से एवं सड़क दुर्घटना में कमी लाने के लिए लगभग 30-35 पशुओं के लिए गौठान में चारा-पानी की व्यवस्था की जा रही

### गौठान में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा लगभग 72 पशुओं को दूसरे स्थानों एवं घुमंतू पशुओं को रखने से हुई अव्यवस्था



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम लिटिया में ग्रामीणों के सहयोग से घुमंतू पशुओं से फसल की सुरक्षा से एवं सड़क दुर्घटना में कमी लाने के लिए लगभग 30-35 पशुओं के लिए ग्राम के गौठान में चारा-पानी की व्यवस्था की जा रही थी। गौठान में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा लगभग 72 पशुओं को दूसरे स्थानों एवं घुमंतू पशुओं को रख दिया गया था। विगत दिनों जिले में लगातार बारिश के चलते गौठान में 4 पशु निमोनिया से पीड़ित हो गए और अचानक उनकी मृत्यु हो गई। पशुधन विभाग के माध्यम से शेष गौवंशों का उचित उपचार किया गया। जिला प्रशासन द्वारा गौवंशों के संरक्षण के लिए यशोदा गौशाला सुकुलदैहान, श्री कृष्ण गौशाला डोंगरगढ़, गौशाला पिंजरापोल, बजरंग दल द्वारा संचालित गौशाला, मां बंजारी गौशाला बरगाही में विस्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं। नगर निगम के सहयोग से काऊ कैचर के माध्यम से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा ग्रामीणों के सहयोग से यशोदा गौशाला सुकुलदैहान में 28, गौशाला पिंजरापोल में 10 एवं बजरंग दल द्वारा संचालित गौशाला में 5 गौवंशों को विस्थापित किया गया है। शेष गौवंशों के विस्थापन की कार्रवाई की जा रही है। ऐसे गौवंश, जिनमें टैग लगा हुआ है और उन्हें खुले में छोड़ दिया गया है।



## राजधानी में गणेश चतुर्थी और नुवाखाई की धूम

**रायपुर।** राजधानी में आज पर्युषण पर्व, नुवाखाई तथा गणेश चतुर्थी की धूम रही। आज कई व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे। वहीं गणेश चतुर्थी के अवसर पर विभिन्न मार्गों में गणेश प्रतिमाओं की भारी बिक्री हुई जिसके चलते यातायात प्रभावित हुआ। राजधानी में आज शुभ मुहुर्त पर घर घर तथा सार्वजनिक स्थलों पर गणेश की प्रतिमा बैठाने का क्रम जारी रहा। इस अवसर पर डीजे सहित अन्य बैंड पार्टियों के साथ लोगों ने गणेश की प्रतिमाएं घर ले गये। आज गणेश चतुर्थी के अलावा ओडिया समाज द्वारा नुवाखाई का पर्व कल 28 अगस्त को मनाया जाएगा जिसके चलते बड़ी संख्या में लोग अमरदीप टाकीज रोड मालवीय रोड तथा एवरग्रीन चौक में पूजन सामाग्री खरीदने के लिए सक्रिय रहे। राजधानी में इस समय 20 से अधिक ओडिया बस्ती है जहां पर नुवाखाई का पर्व धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। राजधानी के विभिन्न होटल ढाबों में बड़ी संख्या में ओडिया भाषी काम करते है इस अवसर पर छुट्टी भी दी जाती है। पूरे ओडिशा सहित छग में यह त्योहार धूमधाम से मनाया जाता है इसलिए इस अवसर पर अवकाश प्रदान कर दिया गया है।

# कवर्धा प्रवास : उप मुख्यमंत्री ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

## उपमुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से की मुलाकात, धिकुड़िया को पृथक राजस्व ग्राम बनाने पर आवश्यक दिशा निर्देश

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम(नांदगांव टाइम्स)।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री ने आज बुधवार को कवर्धा प्रवास के दौरान कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों से आत्मीय मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद करते हुए उनकी समस्याओं और मांगों को गंभीरता से सुना तथा प्राथमिकता के आधार पर समाधान का भरोसा दिलाया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश का चहुमुखी विकास किया जा रहा है। राज्य सरकार की मंशा है कि गाँव-गरीब-किसान की समस्याओं का त्वरित समाधान हो और शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति



तक पहुँचे। उन्होंने ग्रामीणों की मांगों पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए संबंधित जिला अधिकारियों को निर्देशित किया। भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में लोहारा से पिपरिया क्षेत्र तक के ग्रामीण पहुँचे। इस दौरान ग्राम धमकी के ग्रामीणों ने उपमुख्यंत्री से विशेष आग्रह करते हुए कहा कि ग्राम धमकी राजस्व ग्राम बड़ा है। इस ग्राम के मोहल्ला धिकुड़िया को पृथक राजस्व ग्राम पंचायत बनाया जा सकता है। उपमुख्यमंत्री ने इस मांग को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने इसके अलावा सड़कों की मरम्मत, पेयजल सुविधा, स्वास्थ्य सेवाओं और शिक्षा से जुड़ी कई समस्याएं भी रखीं। इस दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधियो ने क्षेत्र, ग्राम पंचायतों में आयोजित सामाजिक, धार्मिक आयोजनों में शामिल होने के लिए आमंत्रण भी दिया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार घोषणाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि ज़मीनी स्तर पर काम करके हर समस्या का समाधान सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है और सरकार इस दिशा में काम भी कर रही है।

## धर्म समाचार....

# दूर्वा अष्टमी के दिन जरूर करें इस स्तोत्र का पाठ, सभी कष्टों का होगा नाश



हर साल भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी पर दूर्वा अष्टमी भी मनाई जाती है। साथ ही इस दिन पर राधा अष्टमी भी मनाई जाती है। दूर्वा अष्टमी के दिन गणेश जी को दूर्वा चढ़ाने का विशेष महत्व माना गया है। इससे साधक को सुख-समृद्धि की प्राप्ति हो सकती है और बाधाओं से मुक्ति




मिलती है।

गणेश जी की पूजा में दूर्वा का इस्तेमाल जरूरी रूप से किया जाता है। दूर्वा या दूब के आयुर्वेद में भी कई लाभ बताए गए हैं। साथ ही अगर आप दूर्वा अष्टमी की पूजा में गणेश जी को 21 दूर्वा अर्पित करते हैं, तो इससे साधक के सभी प्रकार के दुख और संकट भी दूर हो सकते हैं।

इस दिन आपको नाशन गणेश स्तोत्र का पाठ जरूर करना चाहिए। इससे साधक गणेश जी की विशेष कृपा बनी रहती है और बुद्धि, धन, और मनोवांछित फल प्राप्त होते हैं। चलिए पढ़ते हैं नाशन गणेश स्तोत्र।

**॥ श्री गणेशायनमः ॥**

नारद उवाच -

प्रणम्यं शिरसा देव गौरीपुत्रं विनायकम ।
भक्तावासं: स्मरैनित्यंमायु:कामार्थसिद्धये ॥1॥
प्रथमं वक्रतुंडंच एकदंतं द्वितीयकम ।
तृतीयं कृष्णं पिङ्क्षं गजवक्त्रं चतुर्थकम ॥2॥
लम्बोदरं पंचमं च षष्ठं विकटमेव च ।
सप्तमं विघ्नराजेन्द्रं धूम्रवर्ण तथाष्टकम् ॥3॥
नवमं भालचन्द्रं च दशमं तु विनायकम ।
एकादशं गणपतिं द्वादशं तु गजाननम ॥4॥
द्वादशैतानि नामानि त्रिसंध्य य: पठेन्नर: ।
न च विघ्नभयं तस्य सर्वासिद्धिकरं प्रभो ॥5॥

दूर्वा अष्टमी के दिन गणेश जी के साथ-साथ भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा-अर्चना भी करनी चाहिए। इसके साथ ही इस दिन पर गणेश जी को दूर्वा के साथ सिंदूर, अक्षत और मिठाई का भी भोग लगाएं। इससे गणेश जी की कृपा आपके व आपके परिवार के ऊपर बनी रहती है।

विद्यार्थी लभते विद्यां धनार्थी लभते धनम् ।
पुत्रार्थी लभते पुत्रान् मोक्षार्थी लभते गतिम् ॥6॥
जपेद्वगणपतिस्तोत्रं षड्भिर्मासै: फलं लभेत् ।
संवत्सरेण सिद्धिं च लभते नात्र संशय: ॥7॥
अष्टभ्यो ब्राह्मणेभ्यश्च लिखित्वां य: समर्पयेत ।
तस्य विद्या भवेत्सर्वा गणेशस्य प्रसादत: ॥8॥
॥ इति श्रीनारदपुराणे संकष्टनाशनं गणेशस्तोत्रं सम्पूर्णम्? ॥

दूर्वा अष्टमी के दिन पूजा के बाद नाशन गणेश स्तोत्र का पाठ जरू करें और जीवन की समस्याओं को दूर करने की प्रार्थना करें। ऐसा करने से गणेश जी आपसे प्रसन्न होते हैं और आपके कष्टों का निवारण करते हैं।

## पितरों की नाराजगी दूर करने के लिए कहां-कहां जलाएं दीपक ?

पितृ पक्ष में पितरों को शांति प्रदान करने के लिए पिंडदान तर्पण और श्राद्ध कर्म आदि किए जाते हैं। ऐसे में अगर आप घर के इन स्थानों पर नियमति रूप से दीपक जलाते हैं तो इससे पितरों की कृपा प्राप्त की जा सकती है। चलिए जानते हैं इस बारे में। इस बार 7 सितंबर से पितृ पक्ष की शुरुआत होने जा रही है। वहीं इसका समापन सर्व पितृ अमावस्या के दिन यानी 21 सितंबर को होगा। कई बार जाने-अनजाने में हम कुछ ऐसी गलती कर बैठते हैं, जिसके कारण हमें पितृ पितरों की नाराजगी झेलनी पड़ती है। ऐसे में आप इस स्थानों पर नियमित रूप से दीपक जलाकर पितरों की कृपा के पात्र बन सकते हैं।




**पितृ पक्ष में यहां जलाएं दीपक**- जल्द ही पितृ पक्ष की शुरुआत होने जा रही है। ऐसे में आप इस अवधि में शाम के समय घर की दक्षिण दिशा में चौमुखी दीपक या तिल के तेल का दीपक जला सकते हैं। इससे पितृ प्रसन्न होते हैं और जातक को सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देते हैं।

**रोजाना करें ये काम**- यदि आप पित दोष से पीड़ित हैं, तो इसके लिए आपको रोजाना शाम के समय आचमन करके खुद को शुद्ध करना चाहिए। इसके बाद मिट्टी के दीपक में तेल डालकर बाती जलाएं और छत पर दक्षिण दिशा में रखें। इस दौरान पितरों से अपनी गलतियों के लिए क्षमा मांगे। ऐसा करने से पितरों की नाराजगी दूर होती है और साधक को पित दोष से राहत मिल सकती है।

**मिलेगी पितरों की कृपा**- हिंदू धर्म में दक्षिण दिशा को पितरों की दिशा मानाग या है। ऐसे में रोजाना पितरों को याद करते हुए घर की इस दिशा में सरसों की तेल का दीपक जलाना चाहिए। इसके साथ-साथ पितरों की तस्वीर के समक्ष भी सरसों के तेल का दीपक जलाएं। इससे पितृ प्रसन्न होते हैं और साधक पर अपनी दया दृष्टि बनाए रखते हैं।

**बना रहेगा आशीर्वाद**- हिंदू धर्म की मान्यताओं के अनुसार, पीपल के पेड़ में भी पितरों का वास माना गया है। ऐसे में दोपहर के समय पीपल के पेड़ में जल चढ़ाएं और सात बार इसकी परिक्रमा करें। इसके बाद पीपल के वृक्ष के नीचे दीपक में सरसों का तेल और काले तिल डालकर छाया दान करें।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

**स्वाती स्पोर्ट्स**


खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बैट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बेग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971



# गायत्री विद्यापीठ में विजराजे भगवान श्रीगणेश






राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। गायत्री विद्यापीठ में श्री गणेश स्थापना समारोह बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्था के सचिव श्री गगन लड्ढा रहे, जिन्होंने अपने कर-कमलों से भगवान गणेश की स्थापना कर आयोजन का शुभारंभ किया।

पूजा-अर्चना का आयोजन प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर एवं श्रीमती पिंकी खंडेलवाल की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर कक्षा ग्यारहवीं एवं बारहवीं के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। समारोह के दौरान विद्यालय परिसर में भक्तिमय वातावरण व्याप्त रहा। विद्यार्थियों ने गणेश वंदना प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शोभा और अधिक बढ़ा दी। अंत में समस्त उपस्थितजनों ने मिलकर भगवान श्रीगणेश से गायत्री विद्यापीठ की उन्नति एवं समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष डॉ.बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष श्रीमती संध्यादेवी सिंघल, श्री राजेश जैन, सचिव श्री गगन लड्ढा, सहसचिव निकुंज सिंघल, कोषाध्यक्ष सूर्यकान्त चितलांग्या, संरक्षक श्री नंदकिशोर सुरजन, श्रीमती सुषमा सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी श्री हरीश गांधी, श्रीमती रूपाली गांधी, एकेडमिक प्रभारी श्री अमित उत्तलवार, प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर, श्रीमती पिंकी खंडेलवाल, उप प्राचार्य श्रीमती रश्मि ठाकुर, श्रीमती वंदना डुंभरे, प्रशासक अनिल वाजपेयी, स्कूल मैनेजर तरणजीत सिंह टूटेजा, शिक्षक-शिक्षिकाओं ने शुभकामनाएं दी।

## युगांतर के दो विद्यार्थियों का राज्य स्तरीय बैडमिंटन में चयन



**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** शिक्षा, खेल और संस्कृति के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल के छात्र नमन पटेल कक्षा तीसरी ने अंडर- 11 आयु वर्ग तथा आरूष पटेल कक्षा छठवीं ने अंडर- 13 आयु वर्ग के जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतिस्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त करके राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतिस्पर्धा के लिए क्वालीफाई किया है। जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतिस्पर्धा विगत दिवस दिग्विजय स्टेडियम में आयोजित हुई, जिसमें राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतिस्पर्धा के लिए विद्यार्थियों का चयन किया गया। राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतिस्पर्धा आगामी 3 सितंबर से 6 सितंबर तक बिलासपुर में आयोजित होगी, जिसमें ये दोनों विद्यार्थी जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर, पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह तथा प्रबंध समिति ने इन दोनों छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है।

# बड़गांव उमरवाही एवं अर्जुनी-गोड़री मार्ग पर अवैध शराब बिक्री धड़ल्ले से जारी

### इसी मार्ग से रोज स्कूली बच्चे और खेत खलिहान महिलाए का आना जाना लगा रहता है

### कभी भी बड़ी घटना हो सकती है पुलिस और आबकारी विभाग का ध्यान अपेक्षित

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** डोंगरगांव क्षेत्र के अर्जुनी - गोड़री मार्ग पर एक होटल पर खुलेनाम अवैध रूप से शराब बिक्री धड़?ल्ले से जारी है. गोड़री मार्ग क्रैशर खदान के समीप रोजाना पियक्कड़ों की भीड़ सुबह से देर रात्रि तक माजमा लगा रहता है. जिस जगह पर शराब बेची जा रही है वह सालिक झिटिया का खार बताया जा रहा है. शराब कोचिए को बकायदा बड़ी मात्रा में अर्जुनी शराब दुकान से आसानी से उपलब्ध हो रही है. आबकारी एवं पुलिस प्रशासन की लचर प्रशासनिक व्यवस्था के चलते शराब कोचिए होटल के बहाने रोज शराब की बिक्री किया जा रहा है.

बड़गांव, गोंडलवाही,उमरवाही मार्ग पर तंबूनुमा झोपड़ी में अवैध शराब बिक्री



उमरवाही के समीपस्थ ग्राम बड़?गांव, गोंडलवाही मार्ग में मुख्य सड़?क मार्ग के किनारे तंबूनुमा झोपड़ी बनाकर बिचौलिए द्वारा अवैध शराब बेची जा रही है. उक्त मार्ग से रोजाना स्कूली बच्चों का स्कूल और खेत खलिहान इसी मार्ग से महिलाए का आना - जाना रहता है. महिलाएँ खेती किसानी का कार्य करने उसी रास्ते से होकर गुजरते हैं, बड़?गांव एवं उमरवाही गाँव की महिलाएँ रास्ते पर अवैध शराब बिक्री से खासे परेशान एवं रोष देखा जा रहा है. बड़?गांव नाला के पास शराब बिक्री बेरोकटोक खुलेआम हो रही है. इससे कुछ स्कूली बच्चे भी नशे की चपेट में आ रहे हैं . अगर समय रहते इन पर कार्यवाही नहीं हुई तो कभी भी इस मार्ग में बड़ी घटना हो सकती है अवैध शराब के खिलाफथाना और आवकारी विभाग को सूचना देने के बाद भी अब तक कोई भी कार्यवाही नहीं हुई है।

## तीज के अवसर में दो पेड़ बहिनी के नाम अभियान

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** तीज के अवसर में दो पेड़ बहिनी के नाम अभियान के तहत हरियाली बहिनी गांव मे बैठक कर पौधे के महत्व से अवगत कराते हुए तीज में अपने बहिनी के नाम से 2 पेड़ अपने बहने के हाथों से लगाने से संबंध और बहुत अच्छा होता ही साथ ही भावात्मक रूप से भाई बहने जुड़ी रहती है जब भी बहन की याद आए पेड़ एक सहायक होंगी साथ ही ये एक भाई और बहिनी का अटूट रिश्ता का प्रतीक बनेगा आज छुरिया ब्लॉक के मासुल में भाई अपने बहिनी के हाथों दो पौधे लगाए गए इसके लिए भाई पहले से गड्ढा खोदकर रखे थे साथ पौधे की भी व्यवस्था किए थे/। हरियाली बहिनी अभियान प्रमुख शिव कुमार देवांगन ने बताया कि जो पौधे बहने लगाई है उसे भाई पेड़ बनायेंगे इसके लिए समय पर खाद पानी डालते रहेंगे पिछले वर्ष तीज के अवसर में 1200 केशर आम के पौधे लगाए गए जिससे भाई उसे पेड़ बनाने में लगे हुए है, आम से जो फल मिलेंगे उसे तब तब अपनी बहिन की याद आते रहेंगे उन्होंने आगे बताया कि इस वर्ष आम के अलावा गुलमोहर के पौधे लगाया जा रहा है जिसे छाया पेड़ बनायेंगे जिससे शुद्ध ऑक्सीजन तो मिलेगा ही, चर्चा करने बैठक के लिए उपयुक्त स्थान होगा।



Factory outlet
GRANITES
51/- Fit starting
BAMLESWARI
GRANITE
GRAM - DUNDERA
Man Road
DONGARGARH (C G)
8955662848 Bharat singh

## रोपवे बंद होने की सूचना

**मरम्मत कार्य के चलते 28अगस्त से 16 सितंबर तक रोपवे का संचालन बंद**



**डोंगरगढ़( नांदगांव टाइम्स )।** श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति, डोंगरगढ़ द्वारा 22 सितंबर 2025 से 01 अक्टूबर 2025 तक क्वांर नवरात्रि पर्व मनाया जावेगा, जिसमें लाखों की संख्या में दर्शनार्थिगण का माता जी के दर्शनार्थ डोंगरगढ़ आगमन होगा, जिसको ध्यान में रखते हुये रोप-वे का मरम्मत कार्य 28 अगस्त 2025 से 16 सितंबर 2025 तक किया जावेगा, जिससे रोप-वे का संचालन बंद रहेगा । मरम्मत कार्य पूर्ण होने के पश्चात रोप-वे का संचालन पूर्ववत प्रारंभ होगा। उपरोक्त जानकारी ट्रस्ट समिति के मंत्री महेन्द्र परिहार ने प्रेस विज्ञप्ति में दी ।

# सीनियर सिटीजन ग्रुप ने किया गांधी जी का अभिनंदन



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सनसिटी परिवार कंचन बाग में सीनियर सिटीजन ग्रुप के अध्यक्ष सुभाष खंडेलवाल जी के नेतृत्व में सभी सदस्यों ने क्लब के सदस्य प्रदीप गांधी जी के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया के चुनाव में सर्वाधिक मत प्राप्त कर विजय होने पर स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रदीप गांधी जी ने कहा कि मेरे राजनीतिक यात्रा का यह एक ऐसा पड़ाव है जहां मुझे सभी राजनीतिक दलों के सांसदों का समर्थन मिला है तथा इस क्लब के माध्यम से हम अनेक रचनात्मक कार्यों को दिशा दे सकते हैं आप सभी सीनियर सिटीजनों का प्यार और स्नेह मुझे मिला यहां मेरे लिए गर्व गौरव की बात है तथा ऐसे ही समर्थन सदैव देते रहें ताकि हम सभी आगे बढ़ते रहें। इस अवसर पर सदस्य पी पी सिंग विजय पटेल, बद्री प्रसाद महोबिया प्रवीण चौहान बृजमोहन खंडेलवाल राकेश ठाकुर सागर मुदलिया सुरेश गट्टानी नरेश कोठारिया श्याम राव कोठारे (पूर्व सैनिक) तथा समस्त सदस्यों के उपस्थिति में सभी ने पुष्प माला तथा मिठाई खिलाकर गांधी जी का अभिवादन किया।

सुनहरा अवसर

पढ़ने- पढ़ाने वाले विद्यार्थी सह- शिक्षक सपने साकार करने के लिए रूपये 9 हजार प्रतिमाह से शुरू कर 45 हजार प्रतिमाह की गारंटी देता है



योग्यता : 12वीं पास, फेल से पीएचडी तक सभी आवेदन कर सकते हैं

-: संपर्क करें :-

इंजीनियर पी एल सुलाखे

राजनांदगांव, मो. 9425554092

# मां अंबे धाम सिद्धिविनायक गणेश मंदिर में आरती एवं चालीसा संग्रह पत्रिका का विमोचन

### गणेश उत्सव पर भक्तों को होगी निशुल्क उपलब्ध, दस दिनों तक चलेगा भव्य भंडारा

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** लखोली जनता कॉलोनी वार्ड क्रमांक 31 स्थित मां अंबे धाम सिद्धिविनायक गणेश मंदिर में गणेशोत्सव की तैयारियों का शुभारंभ मंगलवार 26 अगस्त की शाम विशेष रूप से किया गया। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में भव्य धार्मिक आयोजन के बीच आरती एवं चालीसा संग्रह पत्रिका का विमोचन किया गया। गणेशोत्सव के दौरान यह पुस्तक सभी श्रद्धालुओं को निशुल्क वितरित की जाएगी। मां अंबे धाम समिति द्वारा इस वर्ष गणेशोत्सव का 11वां पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि पिछले आठ वर्षों से यहां लगातार विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। इस बार पूरे दसों दिन प्रतिदिन श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन होगा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महेश अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि हर वर्ष यहां का गणेशोत्सव पूरे क्षेत्र के लिए श्रद्धा और आस्था का केंद्र बन जाता है। हजारों की संख्या में श्रद्धालु भंडारे में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण करते हैं। उन्होंने कहा कि समिति द्वारा प्रकाशित आरती एवं चालीसा संग्रह पत्रिका भक्तों को भक्ति में और अधिक डूबने का अवसर देगी। शिव वर्मा ने भी समिति



को बधाई देते हुए कहा कि अंबे धाम समिति ने इस पत्रिका के माध्यम से भक्ति का एक सुंदर संग्रह भक्तों तक पहुंचाया है। इसमें 18 आरती और 14 चालीसा शामिल हैं जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष संकलन है। उन्होंने कामना की कि गणपति बप्पा सभी भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करें और घर-परिवार में सुख-समृद्धि लाएं। गप्पू सोनकर ने कहा कि अंबे धाम समिति की यात्रा अब 11 वर्षों में प्रवेश कर चुकी है। पहले यहां छोटे स्तर पर गणपति विराजमान किए जाते थे, लेकिन आज यह भव्य स्वरूप ले चुका है। उन्होंने बताया कि समिति ने निरंतर सेवा और भक्ति के कार्य किए हैं और 8 वर्षों से भंडारे की परंपरा को निभाते आ रही है। मंदिर समिति के अध्यक्ष संजय सरोदे ने श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा कि गणेश उत्सव के दौरान होने वाले दसों दिन के विशाल भंडारे में अधिक से अधिक संख्या में शामिल हों। उन्होंने कहा कि यह आयोजन समिति और भक्तों के सामूहिक सहयोग से संभव हो पाया है। साथ ही उन्होंने बताया कि श्रद्धालु आरती एवं चालीसा संग्रह पुस्तक भी नि:शुल्क प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित बड़ी संख्या में श्रद्धालु धार्मिक भक्ति और उल्लास से सराबोर दिखे। पूरे मंदिर प्रांगण में गणपति बप्पा मोरया और जय माता दी के जयघोष गूंजते रहे। मंदिर परिसर को विशेष रूप से सजाया गया था जहां दीप प्रज्ज्वलन और पूजा-अर्चना के बाद पत्रिका का विमोचन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से महेश अग्रवाल, शिव वर्मा, संजय सरोदे, गप्पू सोनकर, सुरेश साहू, मोहन सिंह राजपूत, नवीन जैन, राजेंद्र श्रीरंगे, आशीष डोंगरे, आलोक श्रीवास्तव, टी.आर. ठाकुर, शंकर यादव, सोनू सोनकर, तनु श्रीरंगे, बृजेश महाराज, उभय लाल सोनकर, मन्नू शुक्ला, संतोष देवांगन, किशोरी पारख, राजेंद्र लड्ढा, दिनेश खंडेलवाल, गोमा कोठारिया, गौरव सोनकर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं वार्डवासी उपस्थित रहे।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com